प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

Refresher Course on
"Newly Enacted Major Criminal Acts" (BNS, BNSS & BSA)
Rank- Inspector & above
Date 08-07-2025 to 09-07-2025

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **08-07-2025** से **09-07-**2025 तक **Refresher Course on "Newly Enacted Major Criminal Acts" (BNS, BNSS & BSA)** विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से **18** प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें **01** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, **02** उप अधीक्षक पुलिस, **15** पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हुये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दिनांक 08-07-2025 को श्रीमती ममता सारस्वत, एडी (एसआईसी), राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर, द्वारा कोर्स के उद्घाटन सत्र में कोर्स का परिचय करवाया गया। जिसमें महोदया ने कोर्स की महत्व के बारे में बताया। साथ ही कोर्स के प्रतिभागियों को कोर्स हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। उसके बाद प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया। बाद पंजीकरण, प्री एग्जाम लिया जाकर प्रशिक्षण आगे बढाया गया। प्रथम सत्र में सुश्री मेघा शर्मा, एडवोकेट जयपुर द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023, एक परिचय, परिभाषाएँ, जोड़ी गई धाराएं और निरस्त की गई धाराएँ और व्यवहार में उपयोग में ली की जा रही हैं धाराओं के बारे में व्याख्यान दिया गया साथ ही बीएसए के पिछले प्रयोगों को देखते हुए, जिसमें बीएसए ने पहली बार आवेदन किया है जो पिछले मामलों में अस्तित्व में नहीं थे, से संबंधी विषय पर विचार -विमर्श किया गया । द्वितीय एंव तृतीय सत्र में श्री रमेश चौधरी पीओ, आरपीए द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता- 2023 का परिचय, परिभाषाएँ, जोड़ी गई धाराओं और निरस्त की गई धाराएँ के बारे में व्याख्यान दिया गया। **BNSS** और **CrPC** धाराओं पर तुलनात्मक विचार विमर्श किया गया।

दिनांक 09-07-2025 के प्रथम एंव द्वितीय सत्र में श्री रमेश चौधरी पीओ, आरपीए द्वारा भारतीय न्याय सहिंता - 2023, व्यवहार में प्रयुक्त होने वाले भारतीय दंड संहिता (बी.एन.एस.) पर विशेष ध्यान देते हुए, आई.पी.सी. के उन पूर्व प्रयोगों पर भी विचार किया जाएगा जिनमें बी.एन.एस. का पहली बार प्रयोग किया गया है, जो पूर्व में अस्तित्व में नहीं थे। (धारा - 48, 69, 95, 103(2), 111, 112, 113, 152, 226, 304) संबंधी जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की।

तत्पश्चात तय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार प्रतिभागियों की परीक्षा एंव फीडबैक लिया गया। सभी प्रतिभागी इसमें सम्मिलित हुए। कोर्स के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रदीप मोहन शर्मा, आईपीएस, उप निदेशक एंव प्राचार्य, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण संबंधी फीड बैक लिया। कोर्स में सम्मिलित प्रतिभागियों से कोर्स के संबंध में फीडबैक लिया तो प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि कोर्स की अवधि बढाई जावे। प्रतिभागियों को डिजीटल सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। समापन सत्र के अन्त में मन् कोर्स डायरेक्टर द्वारा मुख्य अतिथि महोदय, सभी प्रतिभागियों व स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।

(मीना वर्मा)
पुलिस निरीक्षक
एंव कोर्स निदेशक
राजस्थान पुलिस अकादमी
जयपुर